श्री बंशीधर नगर, बुधवार
29.01.2025
माघ कृष्णपक्ष अमावस्या संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 156

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:36 बजे

**तापमान**
अधिकतम :27 डिग्री से.
न्यूनतम :13 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

मुख्य सचिव अलका तिवारी कल श्री बंशीधर नगर में >> पेज 03
खुशी ने करायी है नाक व होठों की प्लास्टिक सर्जरी >> पेज 04

**सुविचार**

यह सत्य है कि धन और शक्ति मनुष्य को असभ्य, असभ्य बना देती है


**न्यूज अपडेट्स**

### लातेहार में हथियार के साथ नक्सली गिरफ्तार

लातेहार। लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर सदर थाना क्षेत्र के सेमरियाताड़ गांव के पास से जेजेएमपी के एरिया कमांडर जितेंद्र सिंह को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली सेमरियाताड़ गांव का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से देसी रिवाल्वर और गोलियां भी बरामद की है। मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उग्रवादी जितेंद्र सिंह किसी घटना को अंजाम देने के लिए सिमरियाताड़ गांव के आसपास अपने दस्ते के साथ भ्रमणशील है। इस सूचना के बाद डीएसपी और थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस ने चिन्हित स्थान पर पहुंचकर सर्च अभियान चलाया तो पुलिस को देखकर उग्रवादी जितेंद्र सिंह भागने लगा, परंतु पुलिस की टीम ने उसे पकड़ लिया।

# महाकुम्भ : मौनी अमावस्या का स्नान आज

## 15 किमी तक दिख रहे सिर ही सिर



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के महा अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के एक दिन पूर्व से ही संगम की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। जिधर भी नजर जा रही है उधर श्रद्धालु ही दिखाई पड़ रहे हैं। कंधे पर झोला और सिर पर गृहस्थी की गठरी लिए श्रद्धालुओं का जो रेला मंगलवार सुबह जारी हुआ वह थमने का नाम नहीं ले रहा है। श्रद्धालुओं के जत्थे गंगा मैया की जय और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ संगम की ओर बढ़ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम 8 बजे तक 4.83 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। मेला प्रशासन द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार प्रसारित किया जा रहा है कि शाम 7:30 बजे से स्नान का शुभ मुर्हूत शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं का अपार समूह यात्रा की थकावट और परेशानियों को भुलाकर आस्था की डुबकी लगाने के लिये उत्साह से त्रिवेणी की ओर बढ़ रहा है। मौनी अमावस्या के दिन सुबह 13 अखाड़े अमृत स्नान करेंगे। मौनी अमावस्या पर सबसे पहले श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी व श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़ा स्नान करेगा। दूसरे स्थान पर श्रीतपोनिधि पंचायती श्रीनिरंजनी अखाड़ा एवं श्रीपंचायती अखाड़ा आनंद अमृत स्नान करेगा। तीन संन्यासी अखाड़े श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़ा तथा श्रीपंचाग्नि अखाड़ा स्नान करेगा। तीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्रीपंच निवार्णी अनी अखाड़ा अमृत स्नान करेगा। उसके बाद अखिल भारतीय श्रीपंच दिगंबर अनी अखाड़ा, अखिल भारतीय श्रीपंच निमोर्ही अनी, श्रीपंचायती नया उदासीन अखाड़, श्रीपंचायती अखाड़ा बडा उदासीन निर्वाण और सबसे अंत में श्रीपंचायती निर्मल अखाड़ा स्नान करेगा। अखाड़ों का स्नान प्रातः 5 बजे से शुरू होकर सांय 3 बजे तक चलेगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु सभी प्रवेश द्वारों, चौराहों, पार्किंग स्थलों और स्नान घाटों पर व्यापक प्रबन्ध पुलिस-प्रशासन ने किए हैं। जिसके तहत सम्पूर्ण महाकुम्भ मेला क्षेत्र मे नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमक दल, पीएसी के जवान, बाढ़ राहत दल, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के कमाण्डो, अर्धसैनिक बल के जवान व बम निरोधक दस्ता की टीमें तैनात की गई हैं। संगम घाट सहित महाकुम्भ के अन्य सभी घाटों पर जल पुलिस के साथ-साथ मोटर-बोट नियुक्त कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। घाटों पर गोताखोर और डीप डाइवर भी तैनात हैं। स्टीमर के माध्यम से लगातार संगम घाट एवं अन्य सभी घाटों की निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों में लगे फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा सतर्कता बरती जा रही है। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन के माध्यम से चप्पे-चप्पे नजर रखी जा रही है। मौनी अमावस्या के मौके पर 8-10 करोड़ लोगों के अस्नान करने का अनुमान है। संगम तट से 15 किमी की दूर तक भक्तों के सिर ही सिर नजर आ रहे हैं। लोगों का आना अभी तक जारी है।

# रंगदारी मांगने आये नक्सलियों की पिटाई, एक की मौत



**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के बारी रामपुर गांव में लेवी वसूलने आये नक्सलियों की ग्रामीण और मजदूरों ने जमकर धुनाई कर दी। इस घटना में एक नक्सली की मौत हो गई । मृत नक्सली की पहचान अभय उर्फ किशोर नायक के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात लगभग सात की संख्या में उग्रवादी हथियार के साथ ईंट भट्ठों से रंगदारी वसूलने रामपुर गांव गए थे। यहां एक भट्ठा में रंगदारी को लेकर नक्सलियों ने संचालक और मजदूरों के साथ मारपीट कर दी। इससे मजदूर आक्रोशित हो गए और नक्सलियों से भिड़ गए। मजदूरों के उग्र रूप को देखकर नक्सली फायरिंग कर भागने लगे। परंतु मजदूर और ग्रामीणों ने तीन नक्सलियों को पकड़ लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी। इधर स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी। जिसके बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और नक्सलियों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घायल उग्रवादी अभय नायक को चंदवा अस्पताल में भर्ती कराया परंतु इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के संबंध में एसपी कुमार गौरव ने बताया कि रंगदारी मांगने गए नक्सलियों के द्वारा मजदूर और भट्ठा संचालक के साथ मारपीट करने से मजदूर नाराज हो गए थे। एसपी ने कहा कि मृत नक्सली के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## अनियंत्रित वाहन ने छह लोगों को मारी टक्कर

# एक की मौत, पांच लोग घायल



**हजारीबाग।** हजारीबाग पटना मार्ग के डीवीसी चौक के पास भारत सरकार लिखा एसयूवी वाहन ने मंगलवार को छह लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर में इब्राहिम अंसारी(22) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार अनियंत्रित एक्सयूवी वाहन झील की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही थी। इसी दौरान छह लोगों को टक्कर मार दी और फरार हो गयी। अन्य पांच घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन को पीछा कर नगवां टोल प्लाजा के पास वाहन को पकड़ लिया। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित ट्रैफिक थाना के पास सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित लोग वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उग्र लोगों ने कई बाइक सवार लोगों पर लाठियां भी बरसाया। सड़क जाम देखते ही ट्रैफिक पुलिस भी अपने कार्यालय से फरार हो गए। उग्र लोगों के जरिये हजारीबाग यातायात पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। दो घंटे बाद पहुंची लोहसिंघना पुलिस प्रभारी संदीप मंडल, सदर सीओ मयंक भूषण सहित जवान जाम स्थल पर पहुंच कर जाम को हटा दिया। हैरत की बात यह है कि दो घंटे तक ट्रैफिक पुलिस कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। जबकि वहीं पर सड़क जाम कर दिया गया था। आए दिन हमेशा चौक पर पुलिस चालान काटती नजर आती थी पर मंगलवार दोपहर बाद ट्रैफिक पुलिस कहां गई सीओ साहब को भी पता नहीं।



# जतपुरा निवासी भाजपा नेता शैलेन्द्र शुक्ला की खड़ी बोलेरो में लगी आग, बोलेरो जलकर खाक



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जतपुरा गांव निवासी व भाजपा नेता शैलेन्द्र शुक्ला के घर पे खड़ी बोलेरो गाड़ी में आग लगने से बोलेरो जलकर खाक हो गई। घटना बीती रात की है। घटना के दौरान शैलेन्द्र शुक्ला के घर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं थे। सभी लोग कुंभ में स्नान करने के लिये प्रयागराज गये हुये थे। उधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। जानकारी के मुताबिक भाजपा नेता शैलेन्द्र शुक्ला घर पर बोलेरो गाड़ी को खड़ा कर कुंभ में स्नान करने के लिये प्रयागराज गये हुये थे। मंगलवार की सुबह में लोग बोलेरो में आग लगा देख भौचक हो गये। लोगों ने आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया किंतु तबतक काफी विलंब हो गया था। लोगों ने घटना की जानकारी गृह स्वामी एवं पुलिस को दी। बोलेरो में आग लगने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। भाजपा नेता समेत बड़ी संख्या में लोगों ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा असमाजिक तत्वों के द्वारा आग लगाने की बात कही। लोगों ने भाजपा नेता को सांत्वना दी। हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में भाजपा नेता को काफी नुकसान हुआ है। उधर भाजपा नेताओं ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## न्यूज अपडेट्स

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टरों में लगायी आग

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामार जंगल में अज्ञात अपराधियो ने कनहर नदी से अवैध बालू लेकर आ रहे दो ट्रैक्टरों में आग लगा दी। दोनों ट्रैक्टर के इंजन, चक्के आदि जल गए। ट्रैक्टर थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी गुडडू अंसारी एवं सऊद अंसारी के बताए गए हैं। इस संबंध में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना से बालू के अवैध कारोबार में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि बीती रात्रि गुडडू एवं सऊद अंसारी के ट्रैक्टर बेलवादामार स्थित कनहर नदी से अवैध बालू लेकर आ रहे थे। इसी क्रम में दूधवल-बांदू मुख्य सड़क के बेलवादामर जंगल के पास एक अपाची बाइक से तीन अपराधी आए एवं गाड़ी रोक कर चालकों को मौके से हटाकर ट्रैक्टर के इंजन में आग लगा दी। आग से ट्रैक्टर के इंजन, टायर आदि जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलने पर रंका के एसडीपीओ रोहित रंजन, इंस्पेक्टर सुभाष कुमार, थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आग पर काबू पाया। दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया। डीएसपी ने मंगलवार शाम बताया कि अज्ञात अपराधियों के जरिये दोनों ट्रैक्टरों में आग लगा देने की घटना को अंजाम दिया गया है। एक बाइक से तीन अपराधी आए थे। पुलिस जांच में जुटी है। बहुत जल्द अपराधी सामने होंगे। इस संबंध में अज्ञात तीन अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## समस्या धान बिक्री सिस्टम से अन्नदाता परेशान

# खरीदी कम, परेशानी ज्यादा

**मेदिनीनगर।** पलामू के अन्नदाता इन दिनों काफी परेशान हैं। उनकी परेशानी धान बिक्री को लेकर बनी हुई है। पेचिदा सरकारी व्यवस्था किसानों की नींद हराम करके रखी हुई है। बिक्री के लिए धान लेकर किसान पैक्सों में मारे-मारे फिर रहे हैं। जो किसान धान बेच चुके हैं, उठाव नहीं होने से उन्हें 15 दिन बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। अच्छी पैदावार के बाद भी धान फसल किसानों की परेशानी का सबब बनी हुई है।



जिले में अक्सर सुखाड़ एवं अकाल की काली छाया मंडराते रहती है। पिछले साल अच्छी बारिश होने के कारण धान की पैदावार बढिया हुई है। यही कारण है कि जिले में दो लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 41 धान अधिप्राप्ति केन्द्र खोले गए हैं। 15 दिसंबर से धान की खरीददारी की जा रही है। 75 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीद हो गयी है। 2300 रूपए प्रति क्विंटल धान की खरीद तय किया गया है। अलग से 100 रूपए एमएसपी देने का प्रावधान है। बिक्री की व्यवस्था पेचिदा, मिलर की संख्या एक से अधिक नहीं रहने एवं अधिकारियों की जवाबदेही बेहतर नहीं रहने के कारण किसानों की परेशानी बढी हुई है। बिक्री किए गए धान का उठाव नहीं होने के कारण अधिकतर पैक्सों में खरीददारी बंद है। पैक्सों की गोदाम क्षमता के अनुसार धान खरीदने का लक्ष्य दिया गया है। कई पैक्स क्षमता के अनुसार धान की खरीद कर लिए हैं। ऐसे में पैक्सों की ई-पॉश मशीन बंद हो गयी है। जब इन पैक्सों पर किसान धान बेचने के लिए पहुंच रहे हैं तो उन्हें निराशा हाथ लग रही है। किसान पैक्स अध्यक्षों से भिड़ जा रहे हैं। तिखी नोक झोक हो रही है। किसानों को समझ आ रहा है कि पैक्स अध्यक्ष उनके पैदावार को खरीदना नहीं चाहते एवं अनावश्यक दौड़ा रहे हैं। किसान धान खरीदने का दबाव बना रहे हैं। सिस्टमेटिक धान खरीदने का नियम होने के कारण पैक्स अध्यक्ष हाथ खड़े कर दे रहे हैं।

यहां यह भी बता दें कि पलामू जिले में एक मात्र मिलर को धान उठाव के लिए अधिकृत किया गया है। उठाव की प्रक्रिया काफी सुस्त रहने के कारण पैक्सों में पड़े-पड़े धान बर्बाद हो रहे हैं। लगातार धान सूख रहे हैं और चूहे बोरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे पैक्स अध्यक्षों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। धान खरीद को लेकर बनी विकट स्थिति के बीच कई किसानों से बात की गयी। धान बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे किसानों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि अच्छी बारिश होने के कारण धान की खेती बेहतर हुई है, लेकिन बिक्री नहीं होने से वे परेशान हैं। किसानों का कहना है कि अगर सरकारी व्यवस्था यही स्थिति रही तो वे मजबूरन बाजार में धान बेच देंगे। धान बेच चुके एक किसान ने बताया कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। आधा पैसा और बोनस की राशि मिलर द्वारा धान उठाव के बाद मिलने का प्रावधान है। धान का उठाव नहीं होने से ऐसी स्थिति बनी है। मात्र एक मिलर को उठाव के लिए अधिकृत करना सरकार की बड़ी नाइंसाफी है। मिलरों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है।

सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा कि धान खरीद के बाद उठाव कार्य में तेजी लाने को लेकर डीएसओ से आज ही बात की गयी है। मिलरों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया गया है। 1000 क्विंटल की खरीद के बाद ई-पॉश मशीन बंद हो जाती है। ऐसे में धान खरीद नहीं होने से परेशानी बनी हुई है।

हुसैनाबाद व्यापार मंडल सह पलामू जिला पैक्स संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना धान अधिप्राप्ति कार्य में मिलर के जरिये धान उठाव की प्रक्रिया बिल्कुल धीमी है। यह बड़ा ही दुर्भाग्य है। सबसे बड़ी समस्या यह कि खरीदारी के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा प्रखंड के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति केंद्र को मिल टैग नहीं किया गया है। बहुत अधिप्राप्ति केंद्र के गोदाम की क्षमता नहीं बढ़ने के कारण अधिप्राप्ति कार्य बंद है। किसान को खरीदारी के 48घंटे पश्चात आधा पैसा देने का प्रावधान है, जबकि 15 दिन के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। आधा पैसा और बोनस की राशि मिलर द्वारा धान उठाव के बाद मिलने का प्रावधान है। सभी समस्या से व्यापार मंडल के जरिये जिला सहकारिता एवं आपूर्ति पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं उपायुक्त को अवगत करा दिया गया है, फिर भी समाधान नहीं हो पा रहा है।

## चौकीदार भर्ती में 11 अभ्यर्थियों ने किया फर्जीवाड़ा, एफआईआर की तैयारी

**मेदिनीनगर।** पलामू में चौकीदार भर्ती प्रक्रिया के दौरान फर्जीवाड़ा करने वाले 11 अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की तैयारी है। यह खुलासा वीडियोग्राफी की जांच में हुआ। आठ अभ्यर्थियों ने अपनी जगह दूसरों को दौड़ में भेजा, दो अभ्यर्थी बीच ट्रैक से लौट गए और एक अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन में गैर मौजूद रहा। इसे लेकर जिला प्रशासन गंभीर हो गया है और डीसी शशि रंजन ने कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आनंद को सभी 11 आरोपित अभ्यर्थियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कार्यपालक दंडाधिकारी विक्रम आंनद ने मंगलवार शाम इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दस्तावेज मिलते ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।




उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने 15 से 17 जनवरी तक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों और दौड़ की वीडियो की जांच की। इस दौरान 11 अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित नहीं हो सकी। आठ अभ्यर्थियों ने लिखित में स्वीकार किया कि उनकी जगह कोई और दौड़ा था। गड़बड़ी करने वाले अभ्यर्थियों में सुरेंद्र कुमार, दिनेश चौधरी, विवेक कुमार यादव, मनोहर यादव, संदीप कुमार यादव, आनंद कुमार, विकास यादव और अरविंद यादव शामिल हैं, जो खुद नहीं दौड़े। रवींद्र साहू और प्रियांशु शेखर तिवारी दौड़ बीच में छोड़कर चले गए, जबकि सुरेंद्र उरांव दस्तावेज जांच में नहीं आया। इस भर्ती में कुल 155 पदों के लिए 125 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। पदों का आरक्षण विभाजन सामान्य वर्ग के लिए 78, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 13, अनुसूचित जनजाति के लिए 30, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 10 और पिछड़ा वर्ग के लिए 24 सीटें हैं।

## खैरांचल के प्रतिष्ठित किसान बलिराम सिंह का निधन, शोक



**विश्रामपुर :** पांडू प्रखंड के डाला खुर्द निवासी व खैरांचल के प्रतिष्ठित किसान बलिराम सिंह (86 वर्ष) का निधन मंगलवार को हो गया। मंगलवार की सुबह अचानक उनके सीने में दर्द हुई और कुछ ही समय में उन्होंने दुनियां को अलविदा कर चले गये। मृतक प्रदेश भाजपा नेत्री संध्या सिंह के ससुर एवं हिंडालको के इंजीनियर जयकुमार सिंह के पिता थे। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हरिनाथ चंद्रवंशी, दीनानाथ प्रसाद, प्रमुख नीतु सिंह, मुखिया रामकुमार यादव सहित कई लोगों ने आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार डाला कला गांव के निकट खुझा नदी के तट पर किया गया। उनके अंतिम संस्कार में जयकुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अरविंद सिंह, मुंद्रिका प्रसाद सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, राधेश्याम सिंह, लालजी सिंह, बृंदा सिंह, रामजी सिंह, गजाधर मास्टर, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, डॉ रामसुभग सिंह, मनोज सिंह, श्यामराज यादव, संतोष सिंह, विनय सिंह, गौरीशंकर सिंह, सिंटू सिंह, जयप्रकाश साव, विंध्याचल बैठा, मोहन पासवान, सोमारू राम सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर से टकरायी बाईक, युवक की हुई मौत



**श्री बंशीधर नगर :** बिलासपुर-धुरकी मार्ग में सोमवार की देर शाम बैलिया गांव के समीप सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर में बाईक की हुई सीधी टक्कर में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान धुरकी थाना क्षेत्र के बैलिया गांव निवासी रघुनाथ चौधरी के 26 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार चौधरी के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। घटना के बारे में परिजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घायल अवस्था में पड़े दिनेश को इलाज के लिये उतर प्रदेश के विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां स्थिति बिगड़ने पर उसे श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि दिनेश के माता पिता कुंभ नहाने गये थे। दिनेश अपने ससुराल से कल ही अपनी पत्नी को लेकर घर आया था। सोमवार की शाम घर का समान लेने बिलासपुर आया था लौटने के दौरान गांव में ही सड़क के किनारे लगे ट्रैक्टर में सीधा टक्कर मार दिया।

## प्रधानाध्यापक पढ़ाई छोड़ शौचालय निर्माण में बने मजदूर



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परसाई में बन रहे शौचालय के निर्माण कार्य में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार की मंगलवार को एक आपत्तिजनक स्थिति सामने आई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में प्रधानाध्यापक विद्यालय अवधि में साइकिल से बालू लाते हुए दिख रहे हैं। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि जिन शिक्षकों को बच्चों को शिक्षा देने के लिए नियुक्त किया गया है, वे इस तरह की अनैतिक गतिविधियों में क्यों लिप्त हैं? इस वीडियो में प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार साइकिल पर बालू बोरी लादे विद्यालय की तरफ जाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य स्पष्ट रूप से यह दर्शार्ता है कि शिक्षा के नाम पर जिम्मेदारी संभालने वाले एक शिक्षक कैसे सरकारी निर्माण कार्यों में बिना किसी शर्म या लज्जा के लिप्त हो सकते हैं। विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के बजाय वह शिक्षा के नाम पर शौचालय जैसे निर्माण कार्य में मजदूर बनकर व्यस्त हैं। उस वक्त स्कूल के बच्चे खुले में पढ़ाई कर रहे थे। वीडियो वायरल होते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू से इस मामले में प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि वीडियो को गंभीरता से लिया गया है और मामले की जांच की जाएगी। साहू ने यह भी कहा कि यदि प्रधानाध्यापक की भूमिका सही नहीं पाई जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक नरेश सिंह किया ने बटोही सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

# सरस्वती मल्टी मीडिया ने किया मैच का सीधा प्रसारण

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र के मोरबे गांव में भीम बराज पोटहो खेल मैदान ( गुलाब गार्डन) में बटोही सिंह क्रिकेट टूनार्मेंट (सीजन 1) का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने फीता काटकर एवं बैटिंग कर किया। मौके पर विधायक ने खिलाड़ियों एवं उपस्थित ग्रामीणों से किसी भी तरह के खेल के लिये हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया।



उद्घाटन मैच पलामू जिला के जोगा करकटा की टीम एवं गढ़वा की टीम के बीच खेला गया। गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी करकट्टा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 156 रन बनाया। जबकि जवाबी पारी खेलते हुये गढ़वा की टीम 10 ओवर में आठ विकेट खोकर मात्र 125 रन ही बना पाई। खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले करकटा टीम के हेमंत कुमार को रामयश सिंह, अनिल तिवारी एवं मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। कॉमेंटेटर की भूमिका अमन सिंह एवं बबलू भारती तथा अंपायर की भूमिका अंकित कुमार एवं भी कुमार ने निभाई। खेल का आयोजन अनूप सिंह, व्यवस्थापक विकास सिंह एवं मिट्ठू सिंह के द्वारा किया गया। इस मैच का लाईव प्रसारण सरस्वती मल्टीमीडिया के द्वारा किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि मोरबे पंचायत की मुखिया निर्मला सिंह, सीओ प्रमोद कुमार, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि ललन सिंह, सुदेश सिंह, प्रमोद सिंह, सुदामा सिंह, रामयश सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुंदर सिंह, सिद्धि सिंह, धनंजय सिंह, पंचम सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल तिवारी, इमरान खान, वीरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नव प्रावि सोनपुरा की रसोईया गायत्री देवी को प्रथम व उप्रावि भैंसबेढ़वा की अनिता देवी को द्वितीय पुरस्कार



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत प्रखंड स्तरीय रसोईया सह सहायिका के लिये कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्लस टू हाईस्कूल नगर ऊंटारी में किया गया।प्रतियोगिता में प्रखंड के सात सीआरसी के रसोईया सह सहायिका ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोईया सह सहायिका ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यजंन बनाया। अच्छा व्यजंन बनाने वाले रसोईया के चयन के लिये पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल बनाया गया था, जिसमें अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी, बीपीओ तहमीना परवीन, सीआरपी शोभा कुमारी, एमडीएम सेल प्रभारी अमित कुमार, बाल सांसद प्रधानमंत्री शिंशु कुमारी, (उत्क्रमित उत्क्रमित म विद्यालय विशुनपुर) पोषण मंत्री प्रकाश कुमार, (उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सा) स्वच्छता मंत्री आजा खातून (उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुरनानगर) शामिल थी। निर्णायक मंडल ने सीआरसी चितविश्राम में स्थित नव प्रा विद्यालय सोनपुरा की रसोईया गायत्री देवी को प्रथम एवं सीआरसी भोजपुर में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भैंसबेढ़वा की अनिता देवी को द्वितीय पुरस्कार के लिये चयनित किया। बीपीओ व शोभा पांडेय ने गायत्री देवी व अनिता देवी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उस पर डॉ सुचित्रा कुमारी ने कहा कि आप सबों ने अपने अपने विद्यालय में प्रतिदिन बड़ी मेहनत व लगन से भोजन बनाकर खिलाती हैं इसके लिये आप सभी रसोईया बहने बधाई के पात्र हैं। आप सबों की जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। मौके पर शिक्षक अविनाश चंद्र, सुजीत कुमार यादव, सुभाष राम, अमरेंद्र दास राम सहित सीआरसी से आये विभिन्न विद्यालयों के रसोईया सह सहायिका उपस्थित थी।प्रतियोगिता का देखरेख एमडीएम सेल के प्रभारी अमित कुमार कर रहे थे।

## न्यूज अपडेट्स

### छापामारी कर जंगली सुअर का शव जब्त

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के चेपली गांव में अहले सुबह वन विभाग को गुप्त सूचना मिलने पर एक बड़ी कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर टीम ने छापामारी करते हुये जंगली सुअर का शिकार किये जाने की पुष्टि की। जंगली सुअर का शव पुआल में छिपाकर रखा गया था, जिसे वन विभाग ने मौके पर जब्त कर लिया। वन कर्मी कुंदन कुमार ने बताया कि चेपली में जंगली सुअर मारने की खबर मिली थी। चेपली पहुंचने पर पुआल के अंदर जंगली सुअर को मार कर छुपाया गया था। जंगली सुअर को जब्त कर वन विभाग लाया गया है, जहां पोस्टमार्टम के बाद सुअर को दफना दिया गया। उन्होंने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। वन विभाग की टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे और इस घटना के पीछे का मकसद क्या था। छापामारी अभियान में वनकर्मी कुंदन कुमार, संजीत कुमार, निशांत कुमार पप्पू, अनिल चन्द्रवंशी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### आरके पब्लिक स्कूल में डेंटल चेकअप कैंप



**गढ़वा :** वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल फरठिया गढ़वा के तत्वावधान में डॉ एके सिन्हा के नेतृत्व में आरके पब्लिक स्कूल में डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों एवं कर्मचारियों के दांत की जांच की गई। साथ ही दांत से संबंधित होने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर डॉ प्रीति, डॉ सत्या, डॉ शिखा रवि, आरके पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अलखनाथ पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

## तैयारी — श्री बंशीधर नगर में प्रशासनिक तैयारी तेज

# मुख्य सचिव अलका तिवारी का आगमन कल

### एसडीओ व डीटीओ ने पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस का किया निरीक्षण

### 24 घंटे के भीतर सर्किट हाउस को अपडेट करने का दिया निर्देश


बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** झारखंड की चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी के श्री बंशीधर नगर आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा एवं डीटीओ धीरज प्रकाश ने मंगलवार को पदाधिकारियों के साथ यहां हेहों मोड़ के निकट स्थित सर्किट हाउस का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सर्किट हाउस के कर्मियों को 24 घंटे के भीतर सर्किट हाउस को अपडेट करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के मुताबिक झारखंड की चीफ सेक्रेटरी अलका तिवारी आगामी 30 जनवरी की शाम में श्री बंशीधर नगर पहुंचेंगी और रात्रि में सर्किट हाउस में विश्राम करेंगी। साथ ही 31 जनवरी को प्रातः वे प्रयागराज जाने के लिये प्रस्थान करेंगी। निरीक्षण के दौरान एसडीओ एवं डीटीओ ने सर्किट हाउस की साफ सफाई, बिजली, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। अधिकारियों ने सर्किट हाउस के कर्मियों को 24 घन्टे के भीतर सर्किट हाउस को अपडेट करने का निर्देश दिया। साथ ही बीडीओ रौशन कुमार एवं सीओ विकास कुमार को लगातार कार्य का मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। उस मौके पर बीडीओ रौशन कुमार, सीओ विकास कुमार, नगर प्रबंधक रवि कुमार, प्रमेय मंडीलवार, आकाश कुमार आदि मौजूद थे।

# लोडेड देसी कट्टा के साथ पांच जिंदा कारतूस किया बरामद

बलराम शर्मा



**मेराल :** पुलिस ने ओखरगाड़ा गांव से पत्नी को पिस्तौल सटा कर गोली मारने की धमकी देने वाले के घर से लोडेड देसी कट्टा के साथ पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार ओखरगाड़ा गांव निवासी अजय प्रसाद गुप्ता ने अपनी पत्नी कौशल्या देवी के साथ मारपीट करते हुये कनपटी में पिस्टल सटा कर गोली मार देने की धमकी देते हुये घर सेफरार हो गया। यह घटना पत्नी द्वारा गांव के ही एक महिला के साथ चल रहा उसका अवैध संबंध के कारण हुआ था। कौशल्या देवी घटना के बाद काफी डरी और सहमी हुई है। उसने घटना की सूचना अपने मायके वालों को दी इसके बाद उनलोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने पर एएसआई जैनेन्द्र पासवान ने पुलिस बल के साथ उसके घर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। तब तक उसका पति अजय प्रसाद गुप्ता घर से फरार हो गया था। पत्नी के बयान पर अजय के घर की तलाशी ली गई तो एक लोडेड देशी कट्टा के साथ पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अजय पर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### युवा क्रांतिकारी मंच के सदस्यों ने भ्रष्टाचार, शोषण को खत्म करने का लिया संकल्प



**धुरकी :** युवा क्रांतिकारी मंच के सदस्यों ने सगमा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, शोषण व कुरीतियों को खत्म करने के लिये संकल्प लिया। साथ ही सभी ने बताया कि प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। चाहे वह प्रखंड में हो या पंचायत में, राशन, आवास, शेड सभी मामलों में भ्रष्टाचार है। मंच के सदस्यों ने बताया कि आज प्रखंड में राशन कार्ड में नाम किसी और का और फायदा कोई और ले रहा है किसी का राशन कार्ड में सभी व्यक्तियों को मृत कर दिया गया है। वहीं इस नंबर का दूसरे राशन कार्ड में दूसरे लाभ को राशन मिल रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आज समाज में पर्याप्त कुरीतियां भी सामने आ रही है। नशा, दहेज प्रथा, बाल विवाह सभी को जड़ से खत्म करने के लिये युवा मंच ने संकल्प लिया है। मौके पर ग्रामीण राजकुमार पासवान, उपेंद्र यादव, विजय पासवान, राजाराम परहिया, प्रीतम उरांव, मुन्नू उरांव, राकेश कुमार, सत्यम कुमार, राजेश बैठा, विकेकानंद बैठा, सुरेश उरांव, विजय उरांव, आकाश विश्वकर्मा, अर्जुन कुमार भारती, सिकेंद्र उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### श्री हनुमान मंदिर में भंडारा आयोजित



**श्री बंशीधर नगर :** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा युवा कार्यकताओं के जन सहयोग से किया गया। भंडारा का शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडेय ने संयुक्त रूप से भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना कर किया। तत्पश्चात बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर विहिप के प्रखंड अध्यक्ष गौरव पांडेय ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व स्थानीय युवा समाजसेवियों के जन सहयोग से प्रत्येक मंगलवार को वीर हनुमान जी के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया जाता है। साथ ही संध्या में महाआरती का कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को भंडारा कराना पुण्य का कार्य है। क्योंकि यह दिन वीर हनुमान का होता है। उन्होंने कहा की हनुमान मंदिर में क्षेत्र के लोगों की भरपूर आस्था है, जो लोग सच्चे मन से हनुमानजी की पूजा अर्चना करते हुये मन्नत मांगते हैं वह पूर्ण होता है। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग संयोजक युवा समाज सेवी अंकित देव, अनुराग कुमार, विकास कुमार, रोहित वर्मा, विकास कुमार पाल, अमन प्रताप देव, राहुल चंद्रवंशी, मंटू पासवान, निखिल कुमार तिवारी, विजय जायसवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस प्रशासन बनाम पत्रकार बनाम ग्रामीण एकादश क्रिकेट मैच

# पुलिस प्रशासन ने कप पर जमाया कब्जा

बंशीधर न्यूज



**धुरकी :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर धुरकी थाना के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के सौजन्य से पुलिस प्रशासन बनाम पत्रकार बनाम ग्रामीण एकादश क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम विजयी हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन और प्रखंड कार्यालय के कर्मी के बीच भी मैच खेला गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की टीम विजयी हुई। इसके बाद फाईनल मुकाबला पुलिस प्रशासन और ग्रामीण एकादश के बीच मैच खेला गया जिसमें पुलिस प्रशासन ने कप पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ द मैच पुलिस प्रशासन की टीम के राजू को दिया गया। उपविजेता टीम ग्रामीण एकादश को कप और 2500 रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया गया। क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन अंबाखोरेया हाईस्कूल के मैदान में किया गया था। जिसके मुख्य अतिथि धुरकी सह सगमा के बीडीओ जुल्फिकार अंसारी थे। उन्होंने मैच का शुभारंभ करते हुये सभी खिलाड़ियों से परिचय किया। इसके बाद वे स्वयं भी टीम में शामिल होकर मैच खेले। उन्होंने कहा कि किसी भी खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिये। खेल में हार जीत लगी रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि खेल से ग्रामीण और प्रशासन के बीच आपसी समन्वय बना रहता है। किसी भी खेल को छोटा या बड़ा नहीं समझना चाहिये। उस मौके पर उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, शिक्षक चंद्रशेखर राम, बसंत सिंह गौड़, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, शिक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा, बीडीसी कृष्ण सिंह, भैया राम विश्वकर्मा, महमूद आलम, खुसतर अंसारी, रवि कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।







## खुशी कपूर ने करायी है नाक व होठों की प्लास्टिक सर्जरी

दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की दोनों बेटियां जान्हवी कपूर और खुशी कपूर भी अपनी मां के नक्शेकदम पर चलकर एक्टिंग फील्ड में डेब्यू कर चुकी हैं। खुशी कपूर ने फिल्म 'द आर्चीज' से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। अब खुशी कपूर जल्द ही आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ 'लवयापा मूवी' में नजर आएंगी। इस दौरान खुशी कपूर ने नाक की सर्जरी और लिप फिलर्स के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी कराने के अपने फैसले के बारे में खुलकर बात की। जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने करियर की शुरूआत करने वाली अभिनेत्री खुशी कपूर ने एक साक्षात्कार में अपने व्यक्तिगत अनुभव और सौंदर्य उद्योग के बारे में बात की। खुशी ने वीडियो के जरिए अपनी जिंदगी की एक झलक शेयर की है। उसने अपने घर का स्विमिंग पूल दिखाया, जिसमें उसके पांच कुत्तों को गोता लगाने से रोकने के लिए एक बैरिकेड भी है। इंटरव्यू के दौरान उनके बचपन पर भी चर्चा हुई जिसमें खुशी ने खुद को अटेंशन सीकर बताया। कॉस्मेटिक सर्जरी को सार्वजनिक करने के उनके फैसले के बारे में पूछे एक सवाल का जवाब उन्होंने पूरे आत्मविश्वास से दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बड़ी बात है। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह एक पर्सनल च्वॉइस है और मैं इसमें कम्फर्टेबल हूं। खुशी कपूर जल्द ही आमिर खान और रीना दत्ता के बेटे जुनैद खान के साथ आगामी फिल्म लवयापा में नजर आएंगी। फिल्म 7 फरवरी को रिलीज हो रही है।

## फिल्म डायरेक्टर सुभाष घई ने मुंबई में बेचा घर



किसी फिल्म को दर्शकों तक सही तरीके से पहुंचाने के लिए अच्छी कहानी, कलाकारों की सधी हुई एक्टिंग के साथ-साथ अच्छे निर्देशक का होना भी जरूरी है।उन्हीं निर्देशकों में शुमार सुभाष घई और उनकी पत्नी सुर्खियों में आ गए हैं। खबर है कि उन्होंने मुंबई में अपना एक अपार्टमेंट बेच दिया है। सुभाष घई और उनकी पत्नी मुक्ता के पास मुंबई के अंधेरी पश्चिम में एक अपार्टमेंट था। यह अपार्टमेंट रुस्तमजी एलीटा बिल्डिंग की 14वीं मंजिल पर है। इस अपार्टमेंट का क्षेत्रफल 1760 वर्ग फुट है। अपार्टमेंट में दो कार पार्किंग की जगह भी है। खबर है कि अब उन्होंने ये अपार्टमेंट 12.85 करोड़ में बेच दिया है। उन्होंने यह अपार्टमेंट 2016 में 8.72 करोड़ में खरीदा था। यानी सात साल में उन्होंने 47 फीसदी का मुनाफा कमाया है। यह अपार्टमेंट समीर गांधी को बेचा गया है। 22 जनवरी को पंजीकृत होने पर स्टांप शुल्क 77 लाख से अधिक और पंजीकरण शुल्क 30 हजार से अधिक है। जिस क्षेत्र में ये अपार्टमेंट स्थित हैं, वहां कई कलाकार, निमार्ता और निर्देशक रहते हैं। कुछ दिनों पहले यह बात सामने आई थी कि अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार ने यहां अपने अपार्टमेंट बेच दिए हैं। अमिताभ बच्चन ने मुंबई के ओशिवारा में अपना डुप्लेक्स अपार्टमेंट 83 करोड़ में बेचा। संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार बिग बी ने अप्रैल, 2021 में 31 करोड़ रुपये में अपार्टमेंट खरीदा था। उन्होंने इसे 83 करोड़ रुपये में बेचा, जबकि अक्षय कुमार ने मुंबई के बोरीवली ईस्ट में अपना अपार्टमेंट 4.25 करोड़ रुपये में बेचा, जिसे उन्होंने नवंबर, 2017 में 2.38 करोड़ रुपये में खरीदा था।

**महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के अवसर पर स्नान के लिए संगम की ओर बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़**



# आर्थिक संसाधन से ही विकास होगा : हेमंत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बजट के जरिए एक ऐसा दस्तावेज तैयार हो जिससे यहां की मूलभूत समस्याओं के समाधान के साथ सर्वांगीण विकास की राह पर राज्य आगे बढ़ सकें। इसके लिए जरूरी है कि संसाधनों का बेहतर से बेहतर इस्तेमाल हो। मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट 2025-26 की तैयारियों के सिलसिले में बजट पूर्व संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बजट आइडियल तथा सर्वोत्तम हो, इसके लिए विभिन्न विषयों के के विशेषज्ञों ने कई अहम तथा प्रभावी सुझाव दिए हैं। इन सुझावों पर गंभीरता के साथ अध्ययन कर उसे बजट में शामिल करने पर विचार होगा, ताकि सतत एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि झारखंड को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए खुद राजस्व संग्रहण करना है और खर्च भी करना है। हमें अपने संसाधन खुद जुगाड़ करने हैं और आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए राशि भी खर्च करनी है। ऐसे में जब तक आर्थिक संसाधन से हम मजबूत नहीं होंगे राज्य के विकास का पहिया आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए सभी विभाग राजस्व संग्रहण के संभावनाओं को तलाशने के




लिए ठोस कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने इस बात को स्वीकार करते हुए कहा कि राज्य में संसाधन जरूर कम हैं, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बिजली, पानी और सड़क समेत कई क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए हैं । ऐसे कार्य आज भी चल रहे हैं और आगे भी अनवरत चलते रहेंगे। हमारा प्रयास झारखंड को विकसित और समृद्ध राज्य बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत विकास के लिए लंबी अवधि को ध्यान में रखकर योजनाएं बननी चाहिए। इसके लिए नींव मजबूत होना जरूरी है । अगर नींव मजबूत होगी तो भविष्य में बिल्डिंग में ऊंची बनाई जा सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार प्राथमिकताओं को तय कर बुनियाद को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है ताकि भविष्य में भी उसकी ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता सिद्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड ने कई उतार -चढ़ाव देखे हैं। लेकिन, इसके बाद भी राज्य ने कई नए आयाम गढ़े हैं। इस बार हेल्थ इंडेक्स में झारखंड ने बेहतरीन उपलब्धि हासिल की है। लेकिन, हमें सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहना है बल्कि इससे प्रेरणा लेते हुए पूरे उत्साह के साथ अन्य क्षेत्र में उच्च मानक पर खरा उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ें। इसके लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में विभिन्न विभागों को जो राशि आवंटित की जाती है उसे खर्च करने के साथ उसके आउटकम का भी आकलन होना चाहिए। अभी तक देखा गया है कि खर्च हुई राशि का कितना लाभ मिल रहा है, इसपर विशेष जोर नहीं दिया गया। इस वजह से हमने जो एसेट बनाएं हैं, उसका उचित इस्तेमाल नहीं हो पता है ऐसे में एसेट तैयार करने के क्रम में उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का ध्यान रखना जरूरी है। इस दिशा में हमें नकरात्मक पहलुओं को दूर करने के लिए बेहतर प्रबंधन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी झारखंड में 70 प्रतिशत आबादी के पास अपना कोई बजट नहीं होता है। कहां से आय होगा और कहां खर्च होगा, उनके पास इसकी कोई योजना नहीं हो पाती है। इस वजह से वे पीछे रह जातें हैं लेकिन हमारी सरकार ने अपनी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से उन्हें कई संसाधन उपलब्ध कराए हैं, जिनके जरिए वे सशक्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को सशक्त बनाने के इरादे से झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की जो शुरूआत की है, उससे देश भर में इस राज्य की अलग पहचान बनी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस योजना की वजह से किसी भी व्यक्ति विशेष पर किसी प्रकार का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। इसके लिए राशि आंतरिक संसाधन से जुटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट ऐसा होना चाहिए, जिसके जरिए रोजगार सृजन को बढ़ावा मिले। रोजगार के साथ स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध होने चाहिए, इसके लिए रोजगार से जुड़ी समस्याओं के निदान के साथ रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाये जाएं।

## गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन



**देहरादून।** रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग, दर्शकों से भरा खचाखच राजीव गांधी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम में लेजर लाइट शो के साथ शानदान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। शंख ध्वनि, शिव तांडव स्त्रोत पर तांड़व नृत्य ने दर्शकों पर सम्मोहन सा असर किया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने मौजूद दर्शकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। इस दौरान मोदी, मोदी और जय श्री राम के नारों से स्टेडियम गूंज उठा। इसके बाद शुभंकर मौली के साथ सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बैंड की धुन पर अंडमान निकोबार, असम, बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों की टीम ने मार्च पास्ट किया। खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मंचासीन ने अतिथियों एवं दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इसके बाद भारत के जानमाने एथलीट लक्ष्य सेन मशाल तेजस्विनी के प्रधानमंत्री के हाथों में सौंपी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्लास्टिक कम से कम उपयोग और रोशनी के लिए खेलों में सौर सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग किया जा रहा है।

**Hit लिस्ट**

## विमान में लगी आग, सभी 176 यात्री सुरक्षित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के गिम्हे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब 176 यात्रियों और क्रू मेंबर्स को ले जा रहे एक यात्री विमान में आग लग गई। हालांकि घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सभी



यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। दक्षिण कोरियाई परिवहन मंत्रालय के अनुसार, एयर बुसान का यह विमान दक्षिण-पूर्वी शहर बुसान से हांगकांग के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। उड़ान से ठीक पहले, विमान के पिछले हिस्से में आग लगने की सूचना मिली। विमान में आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। एयरलाइन और स्थानीय प्रशासन घटना की जांच कर रहे हैं। आग की सूचना के बाद सभी 169 यात्रियों और सात क्रू मेंबर्स को इंफ्लेटेबल स्लाइड की मदद से बाहर निकाला गया। इमरजेंसी स्लाइड से बाहर निकलते समय तीन यात्री जरूर घायल हुए। इन्हें हल्की चोटें आईं कोई गंभीर बात नहीं है।

## जापान में चौराहे पर सड़क धंसी, समा गया ट्रक

**टोक्यो।** जापान के



सैतामा प्रांत के याशियो में एक चौराहे पर मंगलवार को एक बड़े गड्ढे में एक ट्रक समा गया। इस घटना में एक व्यक्ति को बचा लिया गया। पुलिस को सुबह करीब 9:50 बजे एक आपातकालीन कॉल में कहा गया कि चौराहे पर अचानक जमीन धंस गई। इससे लगभग 10 मीटर चौड़ा और 6 मीटर गहरा गड्ढा बन गया। इस दौरान गुजर रहा एक ट्रक इसमें समा गया। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार बचाए गए व्यक्ति की हालत ठीक है। वह आराम से बातचीत कर रहा है।

**इंग्लैंड से मिले 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत ही रही खराब**

# राजकोट : तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड ने भारत को 26 रनों से हराया

**राजकोट।** सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 26 रनों से हराकर श्रृंखला में वापसी की। हालांकि भारत अब भी पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 171 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बना सकी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सधी शुरूआत की। ओपनर बेन डकेट ने 28 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 2 छक्के शामिल थे। लियाम लिविंगस्टन ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर 43




रन बनाए। कप्तान जोस बटलर ने 24 रनों का योगदान दिया। इनके अलावा इंग्लैंड का कोई अन्य बल्लेबाज बड़े स्कोर नहीं बना सका। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 171 का स्कोर खड़ा किया। भारतीय गेंदबाजों में वरुण चक्रवर्ती सबसे प्रभावी साबित हुए। उन्होंने 4 ओवर में 24 रन देकर 5 विकेट लिए। यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। हार्दिक पांड्या ने भी 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई को 1-1 सफलता मिली। जबकि लम्बे समय बाद वापसी करने वाले मोहम्मद शमी का विकेट का खाता खाली रहा। इंग्लैंड से मिले 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। ओपनर संजू सैमसन सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे ओपनर अभिषेक शर्मा ने 24 रनों की तेज पारी खेली, जिसमें 5 चौके शामिल थे। हालांकि, मध्यक्रम के बल्लेबाज बड़ा योगदान नहीं दे सके। तिलक वर्मा ने 18 रन, जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 14 रन बनाए। हार्दिक पांड्या ने टीम के लिए 40 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। उन्होंने 2 छक्के और 1 चौका लगाया। अक्षर पटेल ने 15 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज कोई प्रभाव नहीं डाल सके। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाजों को बांधे रखा। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर और आदिल राशिद ने बेहतरीन गेंदबाजी की। आर्चर ने 3 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि राशिद ने 4 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट झटके। क्रिस वोक्स और सैम करन ने भी 1-1 विकेट लिया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)